
# 136 परिवारों को मिला घर और जमीन : योगी

## योगी ने बांटे आवास-पट्टे, बिना भेदभाव सबका पुनर्वास सरकार की प्राथमिकता

**लखनऊ/बहराइच, 25 मार्च। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच के मिहिरपुरवा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में 136 परिवारों को मुख्यमंत्री आवास, शौचालय और आवास हेतु भूमि के पट्टों का वितरण किया.**

इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को आवास निर्माण के लिए धनराशि डिजिटल माध्यम से हस्तांतरित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बहराइच की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए इसे सुहेलदेव के शौर्य की



धरती बताया। उन्होंने कहा कि महाराजा सुहेलदेव का पराक्रम आज भी समाज को प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों द्वारा उपेक्षित रहे करीब 500 परिवारों के पुनर्वास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है.

### पुनर्वास योजना में दलित समेत विभिन्न वर्गों के लोग शामिल

योगी ने कहा कि सरकार जाति, पंथ या संप्रदाय के आधार पर नहीं, बल्कि हर जरूरतमंद को परिवार का हिस्सा मानकर योजनाओं का लाभ दे रही है। उन्होंने कहा कि इस पुनर्वास योजना में दलित, पिछड़े, जनजातीय समुदाय समेत विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब थी और जातिवाद के आधार पर समाज को बांटने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में माफिया, गुंडागर्दी और दंगों का माहौल रहता था, जिससे विकास बाधित होता था। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में कानून-व्यवस्था बेहतर हुई है और सभी त्योहार शांति व सौहार्द के साथ मनाए जा रहे हैं। नवरात्रि और आगामी रामनवमी के आयोजन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में भयमुक्त वातावरण बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर परिवार को सुरक्षित आवास, मूलभूत सुविधाएं और बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने भविष्य को सशक्त बना सकें.

## अमेरिका केकैलिफोर्निया में डीजल की कीमतें हुईं नई ऊंचाई पर

**कैलिफोर्निया, 25 मार्च.** अमेरिकन ऑटोमोबाइल एसोसिएशन (एएए) के नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका के कैलिफोर्निया में डीजल की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं. कैलिफोर्निया में डीजल की औसत कीमत मंगलवार को 7.018 डॉलर प्रति गैलन तक पहुंच गई, जो एएए के डेटाबेस में दर्ज सबसे ऊंचा स्तर है. इसकी तुलना में, डीजल की मौजूदा यूएस नेशनल औसत कीमत लगभग 5.345 डॉलर प्रति गैलन है. रिपोर्ट्स ने डीजल की बढ़ती कीमतों की वजह तेल-रिफाइनिंग कैपेसिटी में कमी और ईरान में युद्ध के बीच ग्लोबल एनर्जी शिपमेंट में रुकावट को बताया.

## घरेलू पीएनजी कनेक्शन बड़ी प्राथमिकता

- अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में संयुक्त सचिव ने दी जानकारी

**नई दिल्ली, 25 मार्च. पेट्रोलियम मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) को प्राथमिकता दे रही है. मंत्रालय ने कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं तथा ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है.**

अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए कहा कि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू पीएनजी कनेक्शन भारत सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है और



इनकी 100 प्रतिशत सप्लाई की जा रही है. इसी तरह, ट्रांसपोर्टेशन के लिए इस्तेमाल होने वाली सीएनजी भी 100 प्रतिशत कंज्यूमर्स को उपलब्ध कराई जा रही है. कई कंपनियों ने कई इंसेंटिव्स की घोषणा की है, जैसे 500 तक की फ्री गैस या सिक्योरिटी डिपॉजिट में छूट. राज्य सरकारों को भी लिखा गया है, उन्हें 10 प्रतिशत कमर्शियल गैस और एक्स्ट्रा एलपीजी देने का ऑफर दिया गया है.

## दिल्ली में यात्री बस पलटने से दो लोगों की मौत, 23 घायल

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय राजधानी के करोल बाग स्थित हनुमान मंदिर के पास मंगलवार देर रात एक स्लीपर पर्यटक बस के पलट जाने से दो यात्रियों की मौत हो गयी एवं 23 घायल हो गए. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि रात एक बजकर पांच मिनट पर हुए इस हादसे में जयपुर-दिल्लीमार्ग की इस बस में करीब 30 यात्री सवार थे. बस पलटने से कई यात्री अंदर ही फंस गए. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए करोल बाग पुलिस स्टेशन की एक टीम को मौके पर भेजा. टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से एक जेसीबी मशीन का इस्तेमाल कर बस को सीधा किया.

# केवाईसी सख्ती से 20 लाख कनेक्शन निष्क्रिय

- लखनऊ में 1.10 लाख लोग हुए प्रभावित

**लखनऊ , 25 मार्च . पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के चलते वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ती अनिश्चितताओं के बीच तेल कंपनियों ने उत्तर प्रदेश में एलपीजी वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बड़ा अभियान शुरू किया है.**

केवाईसी सत्यापन प्रक्रिया को सख्ती से लागू किया जा रहा है, जिसके चलते लखनऊ में 1.10 लाख से अधिक और पूरे प्रदेश में करीब 20 लाख एलपीजी कनेक्शन अस्थायी रूप से निष्क्रिय कर दिए गए हैं. प्रदेश में कुल लगभग 4.87 करोड़ घरेलू एलपीजी उपभोक्ता हैं. गैस कंपनियों के अधिकारी ऐसे उपभोक्ताओं की पहचान कर रहे हैं, जिन्होंने नौ महीने या उससे अधिक समय से सिलेंडर बुक नहीं कराया. अधिकारियों के अनुसार, कई मामलों में उपभोक्ताओं ने पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन ले लिया है या पता बदल लिया है, लेकिन यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि सब्सिडी और गैस की आपूर्ति वास्तविक उपभोक्ताओं तक ही पहुंचे. तेल कंपनियों ने ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हित कर उनका कनेक्शन अस्थायी रूप से बंद कर दिया है. अब कनेक्शन को पुन: सक्रिय करने के लिए केवाईसी अनिवार्य कर दिया गया है. इस प्रक्रिया के चलते लखनऊ की गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भीड़ बढ़ गई है, जहां बड़ी संख्या में लोग अपने दस्तावेज अपडेट कराने पहुंच रहे हैं.

### शहर की प्रत्येक गैस एजेंसी में 1200 से 1500 तक निष्क्रिय कनेक्शन

सिलेंडर बुक न होने पर उन्हें पता चला कि उनका कनेक्शन निष्क्रिय हो चुका है और अब दोबारा केवाईसी कराना जरूरी है, क्योंकि कनेक्शन उनके दिवंगत पिता के नाम पर था. शहर की प्रत्येक गैस एजेंसी में 1200 से 1500 तक निष्क्रिय कनेक्शन हैं. हालांकि एजेंसी संचालकों का कहना है कि यह प्रक्रिया सिस्टम में मौजूद अनियमित और निष्क्रिय कनेक्शनों को हटाने में मदद कर रही है. इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि सब्सिडी और गैस आपूर्ति सही उपभोक्ताओं तक पहुंचे.

## आज का इतिहास

- 1552 – गुरु अमरदास सिखों के तीसरे गुरु बने.
- 1813 – पटियाला रियासत के महाराजा एवं महाराजा अमर सिंह के पुत्र और उत्तराधिकारी महाराजा साहिब सिंह का निधन.
- 1893 – बंगाली सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता और निर्देशक धीरेन्द्र नाथ गांगुली का जन्म.
- 1907 – हिन्दी कवयित्री और हिन्दी साहित्य में छायावादी युग के चार प्रमुख स्तंभों में से एक महादेवी वर्मा का जन्म.
- 1953 – डॉ. जोनास साल्क ने पोलियो के टीके की खोज की घोषणा की.

# एशिया में भारत की भूमिका पर अमेरिका का भरोसा

- वैश्विक समीकरणों के बीच भारत की भूमिका मजबूत
- समुद्री सुरक्षा और रक्षा सहयोग जैसे मुद्दे पर हुई बातचीत

**नई दिल्ली, 25 मार्च. भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में बुधवार को एक अहम बैठक हुई, जब विदेश मंत्री एस जयशंकर ने नई दिल्ली में अमेरिकी अंडर सेक्रेटरी एलब्रिज कोल्बी से मुलाकात की.**

इस दौरान दोनों नेताओं ने मौजूदा वैश्विक और क्षेत्रीय भू-राजनीतिक हालात पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के बाद जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसे सार्थक संवाद बताते हुए कहा कि दोनों पक्षों के बीच वैश्विक



चुनौतियों और रणनीतिक प्राथमिकताओं पर खुलकर विचार-विमर्श हुआ। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शक्ति संतुलन, समुद्री सुरक्षा और रक्षा सहयोग जैसे मुद्दे तेजी से अहम होते जा रहे हैं.

अमेरिकी पक्ष ने भी भारत को इस क्षेत्र में एक केंद्रीय और अनिवार्य साझेदार बताया, जिससे साफ है कि बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच भारत की भूमिका लगातार मजबूत हो रही है.

यह मुलाकात दोनों देशों के बीच रक्षा, तकनीक और रणनीतिक सहयोग को नई दिशा देने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते रणनीतिक सहयोग को नई मजबूती देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिकी अंडर सेक्रेटरी एलब्रिज कोल्बी के बीच बुधवार को नई दिल्ली में अहम बैठक हुई। इस बैठक में दोनों पक्षों ने मौजूदा वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों, खासकर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बदलते समीकरणों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के बाद जयशंकर ने इसे सार्थक और उपयोगी संवाद बताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक प्राथमिकताओं और वैश्विक चुनौतियों पर गहन विचार-विमर्श हुआ.

## आतंकवादी संगठन के सदस्यों की सजा पर पाक को टिप्पणी करने का अधिकार नहीं

**नयी दिल्ली 25 मार्च.** भारत ने न्यायालय की ओर से दोषी साबित किए गए प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के सदस्यों के बारे में पाकिस्तान के बयान को सिरे से खारिज करते हुए जोर देकर कहा है कि भारतीय न्यायिक प्रक्रियाओं पर टिप्पणी करने का पाकिस्तान को कोई अधिकार नहीं है। पाकिस्तान ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के सदस्यों को भारतीय न्यायालय द्वारा सजा सुनाए जाने की निंदा करते हुए इस पर सवाल उठाया था। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस संबंध में मीडिया के सवालों के जवाब में बुधवार को कहा कि हम पाकिस्तान द्वारा एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन और उसके सदस्यों के समर्थन में जारी किए गए बयान को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं.

# गुजरात में बदलाव चाहती है जनता : केजरीवाल

- विजय विश्वास सभा में केजरीवाल का बड़ा दावा

**अमरेली, 25 मार्च. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुजरात के अमरेली में आयोजित 'विजय विश्वास सभा' में भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला.**

उन्होंने कहा कि भाजपा के कुशासन से परेशान राज्य की जनता अब आम आदमी पार्टी की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। केजरीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि गुजरात में बदलाव की लहर शुरू हो चुकी है और लोग एक नए विकल्प की तलाश में हैं। उन्होंने कहा कि आप ईमानदार



राजनीति, बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के जरिए जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए तैयार है। केजरीवाल ने लोगों से अपील की कि वे राज्य में बदलाव लाने के लिए आप का समर्थन करें। सभा में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी को उन्होंने जनता के बढ़ते समर्थन का संकेत बताया.

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुजरात के अमरेली में आयोजित 'विजय विश्वास सभा' को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता भाजपा के कथित कुशासन से परेशान हो चुकी है और अब एक नए विकल्प की तलाश में है। केजरीवाल ने अपने भाषण में कहा कि गुजरात की जनता अब आम आदमी पार्टी की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में बदलाव की लहर चल रही है.

## अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 25 मार्च.** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार इस नेटवर्क के तार पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश से जुड़े हुए हैं। पुलिस ने आरोपियों को गिरोह के प्रमुख सदस्य बताते हुए कहा कि उनके कब्जे से विदेशी निर्मित अत्याधुनिक हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। अपराध शाखा के उपायुक्त संजीव कुमार यादव ने बताया कि यह कार्रवाई एंटी-रॉबरी एंड स्नैचिंग सेल (एआरएससी) के नेतृत्व में की गई.

# एफटीए से उत्पन्न अवसरों का लाभ उठाए उद्योग व्यापार जगत : गोयल

**नई दिल्ली , 25 मार्च.** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को उद्योग जगत से गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करते हुए विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों का लाभ उठाने के लिए आग्रह किया। श्री गोयल आज यहां



मालाबार चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राष्ट्रीय सीएसआर घोषणा और छात्रवृत्ति वितरण समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। व्यवसाय जगत से समाज के जरूरतमंद लोगों के कल्याण और उत्थान में सहयोग करने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक दान की भावना भारतीय लोकाचार का अभिन्न अंग है. उन्होंने समावेशी विकास और सामूहिक प्रयास परवल देते हुए कहा कि ये विकसित भारत 2047 की कुंजी हैं.

# भगवान राम के न्याय, कर्तव्य और सदाचार से मिलती है प्रेरणा : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, 25 मार्च. भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राम नवमी की पूर्व संध्या पर देश और विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं.**

राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि राम नवमी का पर्व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है और उनके जीवन से सत्य, न्याय, कर्तव्य और सदाचार की प्रेरणा मिलती है।

राष्ट्रपति ने अपील की कि इस पावन अवसर पर हर व्यक्ति भगवान राम की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाए और अपने विचारों, शब्दों और कर्मों के माध्यम से राष्ट्र की सेवा करें। उन्होंने कहा कि राम के आदर्श समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने और एक मजबूत,



न्यायसंगत राष्ट्र बनाने की नींव हैं। राष्ट्रपति ने देश में शांति, समृद्धि और सद्भाव की कामना करते हुए आशा जताई कि भगवान राम की कृपा से हर भारतीय के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आए। देशभर में मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, रामलीला और भजन-कीर्तन का आयोजन हो रहा है, और श्रद्धालु इस पर्व को धूमधाम से मनाने की तैयारियों में जुटे हैं.

# नीतीश ने दी 466 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात

**आरा, 25 मार्च. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को समृद्धि यात्रा के दौरान भोजपुर जिले को 466 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी.**

मुख्यमंत्री कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के क्रम में भोजपुर जिले में रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर भोजपुर जिले के लिए 197 करोड़ रुपये की लागत से 494 योजनाओं का उद्घाटन एवं 269 करोड़ रुपये की लागत से 227 योजनाओं का शिलान्यास किया। श्री कुमार ने भोजपुर जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रगति यात्रा के



दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली और कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री कुमार ने भोजपुर जिला अंतर्गत राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल परिसर में 100 शैय्या वाले सी.सी.बी (क्रिटिकल केयर ब्लॉक) के निर्माण कार्य (लागत 4450 लाख रुपये) का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया.

# इफ्तार में शामिल जवानों पर ईसी सख्त, 7 पर एक्शन

## चुनाव आयोग ने 7 जवानों के इफ्तार पार्टी में शामिल होने पर कड़ी कार्रवाई

**कोलकाता, 25 मार्च. चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले कथित तौर पर एक इफ्तार पार्टी में शामिल होने के लिए मुर्शिदाबाद में तैनात सात जवानों पर कड़ी कार्रवाई की है.शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आयोग ने कर्मियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए.**

सूत्रों के अनुसार, सात में से तीन जवानों को सात दिनों के लिए अर्धसैनिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि दो को चेतावनी जारी की गई है। दो अन्य के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। इसके अलावा सभी सात कर्मियों को राज्य से बाहर स्थानांतरित कर दिया गया है। यह कार्रवाई उन आरोपों के बाद हुई है कि जवानों ने आयोग के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद एक इफ्तार सभा में भाग लिया, जबकि चुनावी ड्यूटी के दौरान केंद्रीय बलों को निमंत्रण स्वीकार करने या निजी आवासों पर जाने से मना किया गया था। आयोग ने




तटस्थता पर जोर देते हुए और कर्मियों को किसी भी सामाजिक या निजी कार्यक्रमों में भाग लेने से रोकते हुए निर्देश जारी किए थे। चुनाव तैयारियों के हिस्से के रूप में मुर्शिदाबाद सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में केंद्रीय बल पहले से ही तैनात किए जा चुके हैं। आयोग का यह कदम इस बात पर जोर देता है कि उसका इरादा यह सुनिश्चित करना है कि सभी तैनात कर्मी चुनाव से पहले निष्पक्षता बनाए रखें। केंद्रीय बल के जवान को एक उम्मीदवार के अभियान के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव चिन्ह के कट-आउट ले जाते हुए दिखाया गया था.

**पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव**

## तमिलनाडु विस चुनाव- द्रमुक के 175 उम्मीदवार उगते सूरज चिन्ह से

**चेन्नई, 25 मार्च .** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम . के . स्टालिन ने बुधवार को कहा कि धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन (एसपीए) के भागीदारों के साथ सीट बंटवारे के मुद्दों को लोकतांत्रिक तरीके से पूरा कर लिया गया है और विधानसभा चुनाव में द्रमुक के उगते सूरज के चिन्ह के तहत कुल 175 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। द्रमुक ने अपने नौ सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे का समझौता किया है, जिसके तहत कुल 234 विधानसभा सीटों में से 66 सीटें आवंटित की गई हैं। पार्टी ने लंबे समय से सहयोगी रहे मुस्लिम संगठनों इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) और मानवतानेय मक्कल काची (एमएमके) को दो-दो सीटें, अपने मुख्य सहयोगी कांग्रेस को 28, मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एमडीएमके) को चार, कोंगुनाडु मक्कल देशिया कच्ची (केएमडीके) को दो, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) को पांच-पांच, विदुथलाई चिरुथैगल कच्ची (वीसीके) को आठ और पहली बार द्रमुक के साथ गठबंधन करने वाली देशिया मुरपोक्कु द्रविड़ कषगम (डीएमडीके) को 10 सीटें आवंटित की हैं। वहीं, अभिनेता-राजनेता और राज्यसभा सांसद कमल हासन की मक्कल नीधि मय्यम (एमएनएम) ने मई में द्रमुक को बिना शर्त समर्थन देने का संकल्प लेते हुए चुनाव मैदान से बाहर रहने का विकल्प चुना है। द्रमुक शेष 168 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी और मनीथनेया मक्कल कच्ची (एमएमके), कोंगुनाडु मक्कल देशिया कच्ची (केएमडीके) और एमडीएमके (4 में से 3 सीटें) जैसे गठबंधन दलों के उम्मीदवार भी द्रमुक के चुनाव चिन्ह के तहत चुनाव लड़ेंगे, जिससे सत्तारूढ़ दल के चिन्ह पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की संख्या 175 हो गयी है। स्टालिन ने बुधवार को द्रमुक कार्यकर्ताओं को लिखे एक पत्र में कहा, न केवल द्रमुक का उगता सूरज, बल्कि सभी गठबंधन दलों के चुनाव चिन्ह हमारे प्रतीक हैं.

## बीजेपी बंगाल को खत्म करना चाहती है : ममता

- एआईएडीएमके 169 सीटों पर चुनाव लड़ेगी

**नई दल्ली/कोलकाता/चेन्नई, 25 मार्च. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मैनागुड़ी में एक चुनावी रैली में कहा कि भाजपा राज्य को खत्म करने की कोशिश कर रही है।** उन्होंने आरोप लगाया कि वोटर लिस्ट से असली मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं, जिससे चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं। ममता ने कहा कि पहचान और नागरिकता को लेकर भी मतदाता असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। तमिलनाडु



में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए ए आइएडीएमके ने अपने गठबंधन एनडीए के साथ सीट बंटवारा घोषित किया है.

कुल 234 सीटों में से पार्टी ने 169 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है, जबकि सहयोगी दलों को 65 सीटें आवंटित की गई हैं। चेन्नई के मायलापुर विधानसभा क्षेत्र में ए आइएडीएमके महासचिव ईडप्पादी के. पलानीस्वामी और बीजेपी नेता तमिलिसाई सुंदरराजन ने रोड शो किया और मतदाताओं से गठबंधन को वोट देने की अपील की। इस बीच, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके पास कोई ठोस एजेंडा नहीं है, जबकि ज्रस्ष्ट के नेताओं ने ममता सरकार की विकास परियोजनाओं को लेकर भरोसा जताया। चुनावी गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं और सभी दलों ने अपने-अपने राज्यों में प्रचार तेज कर दिया है.

## पुलिस ने 200 फेसबुक पेज और 90 इंस्टाग्राम अकाउंट्स को जारी की नोटिस

**तिरूवनंतपुरम.** केरल में चुनाव आयोग के एक सर्कुलर पर भारतीय जनता पार्टी की मुहर दिखाई देने से शुरू हुआ विवाद अब और गहरा गया है। पिछले दो दिनों में इस मामले ने नया मोड़ तब ले लिया, जब केरल पुलिस ने सोशल मीडिया पर इस सर्कुलर की तस्वीर साझा करने वाले सैकड़ों अकाउंट्स के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने 270 एक्स (ट्विटर) हैंडल, 200 फेसबुक पेज और 90 इंस्टाग्राम अकाउंट्स को नोटिस जारी किए हैं। इसके बाद फेसबुक और इंस्टाग्राम ने संबंधित पोस्ट हटा दीं, जबकि एक्स पर कई पोस्ट अब भी मौजूद हैं। इस असमान कार्रवाई ने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की नीतियों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं.

**तीखा प्रहार** — कांग्रेस की बयानबाजी राजनीतिक अवसरवाद का निकृष्टतम उदाहरण

# देशहित पर कांग्रेस कर रही है घटिया राजनीति : शिवराज

- राहुल गांधी द्वारा दिए जा रहे बयान अत्यंत गैरजिम्मेदाराना
- बयानबाजी केवल दलगत स्वार्थ को सिद्ध करने का प्रयास

**नई दिल्ली, 25 मार्च. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मीडिया से बातचीत में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं पर तीखा प्रहार किया.**

उन्होंने कहा कि जब युद्ध की विभीषिका के कारण पूरी दुनिया संकट के दौर से गुजर रही है और हमारा देश भी उसके प्रभावों से



अछूता नहीं है, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि जनता को कोई दिक्कत या परेशानी न हो, इसके विपरीत कांग्रेस घटिया राजनीति कर रही है.

### खरगे द्वारा दिए जा रहे बयान अत्यंत गैरजिम्मेदाराना

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ऐसे समय में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा दिए जा रहे बयान अत्यंत गैरजिम्मेदाराना हैं। उन्होंने इसे राजनीतिक अवसरवाद का निकृष्टतम उदाहरण बताया और कहा कि जब देश के सामने संकट हो, तब इस तरह की बयानबाजी केवल क्षुद्र दलगत स्वार्थ को सिद्ध करने का प्रयास है। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब भी देश पर संकट आया, तब सब दलों ने मिलकर राष्ट्रहित में कार्य किया। जनसंघ से लेकर अन्य दलों तक, सभी ने राष्ट्रीय मुद्दों पर एकजुटता दिखाई। श्री चौहान ने कांग्रेस नेतृत्व से अपील करते हुए कहा कि कुछ मुद्दे ऐसे होते हैं, जिन पर राजनीति नहीं, बल्कि आम सहमति बननी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश ने पूर्व में भी हर चुनौती को सफलता से पार किया है और आगे भी करेगा। लेकिन इस समय राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे जैसे नेताओं को घटिया राजनीति से बचना चाहिए क्योंकि इससे न तो उन्हें कोई लाभ होगा और न ही कांग्रेस की छवि को। श्री चौहान ने कहा कि राष्ट्रहित के सवालों में आपदा को अवसर न बनाएं.